हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, गुरुवार 26 मार्च 2026


11 प्रभु श्रीराम के चरित्र से सीखकर हर विपत्ति का...





12 दाखिले बढ़ाने के लिए सरकारी स्कूलों के अध्यापकों...




## खबर संक्षेप

### गुजवि ने विभिन्न विषयों के परिणाम घोषित किए

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि दिसम्बर 2025 में आयोजित ड्यूअल डिग्री बीएससी (ऑनर्स)-बायोटेक्नोलॉजी तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2021, एमएससी माइक्रोबायोलॉजी तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2023, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2024, एमएससी जूलॉजी तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2024, एमबीए जनरल तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2024, एमबीए फाइनेंस तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2024, एमबीए मार्केटिंग तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2024 आदि का परिणाम घोषित किया गया है।

### टाउन पार्क से बाइक चोरी करने में एक गिरफ्तार

**हिसार।** पीएलए चौकी पुलिस ने टाउन पार्क से मोटरसाइकिल चोरी मामले में एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान आजाद नगर निवासी योगेश उर्फ योगी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार इस संबंध में सूर्य नगर निवासी सुरेन्द्र ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार वह 8 फरवरी को सुबह करीब 06:15 बजे टाउन पार्क के पिछले गेट से अंदर घूमने के लिए गया था। वापिस आया तो उसका मोटरसाइकिल चोरी हुआ पाया गया। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए आरोपी योगेश उर्फ योगी को काबू कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश करके बाइक बरामद करने व अन्य चोरी में शामिल होने की जानकारी जुटाने के लिए उसे एक दिन का पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### ऑटो मार्केट में चलाया विशेष चेकिंग अभियान

**हांसी।** जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करों व नशा करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान बुधवार को नशा मुक्ति व डॉग स्क्वॉड टीम द्वारा संयुक्त रूप से ऑटो मार्केट क्षेत्र में बनी झुग्गी झोपड़ियों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों व आसपास के क्षेत्र की गहनता से जांच की। डॉग स्क्वॉड की मदद से विभिन्न स्थानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया ताकि अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी व सेवन पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। इस दौरान नशा बेचने व सेवन करने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी गई तथा उन्हें कड़ी चेतावनी भी दी गई।

### नगर निगम ने पकड़े 36 बेसहारा पशु

**हिसार।** नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि नगर निगम की टीम ने सेक्टर 9-11, सातरोड, शिव कॉलोनी, पडाव चौक, न्यू सब्जी मंडी, रायपुर रोड, सेक्टर 27-28 और 12 कार्टर रोड से 36 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। सभी को गो अभ्यारण्य भेज दिया गया है। एएसआई संदीप बिश्नोई व पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### जनगणना को लेकर प्रशिक्षण शिविर कल

**हांसी।** जिला प्रशासन ने 27 मार्च को होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। एसडीएम राजेश खोथ ने बताया कि जनगणना कार्य निदेशालय, हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता उपायुक्त राहुल नरवाल द्वारा की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को समय रहते सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया है।

## अनसेफ सिटी

### बरवाला में चोर बेखौफ

# एक ही रात में 5 दुकानों के ताले चटकाए

- पांचों दुकानों से लाखों रुपये की नकदी चोरी
- तीन संदिग्ध बाइक सवार सीसीटीवी में कैद
- फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम और डाग स्क्वायड की टीम ने मौके पर पहुंचकर की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

शहर में बीती रात अलग-अलग स्थानों से चोरी की कई घटनाएं सामने आई है। बाइक सवार तीन अज्ञात युवकों ने पांच दुकानों को निशाना बनाते हुए उनके शटरों और गल्लों के ताले चटकाकर लाखों रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी दुकानों का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है। सूचना मिलने पर फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वाड की टीम भी मौके और पहुंची तथा घटनास्थलों का निरीक्षण किया। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम ने चोरों द्वारा मौके पर छोड़े गए फिंगर को अपने कैमरे में कैद किया। उधर, एक साथ पांच दुकानों में लाखों की चोरी की वारदात से व्यापारियों में पुलिस के प्रति रोष देखने को मिला। व्यापारियों ने रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग उठाई है।

चोरी की घटनाओं के शिकार दुकानदारों ने बताया कि मंगलवार रात को वे रोजाना की तरह अपनी दुकानें बंद कर ताले वगैरह लगाकर घर चले गए थे। देर रात एक ही बाइक पर सवार तीन युवक बाजार में घूमते हुए सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए हैं। बताया जा रहा है कि इन चोरों ने सुनसान का फायदा उठाकर एक-एक कर दुकानों को निशाना बनाया।



बरवाला : वार्ड नंबर 9 पंजाबी चौक में स्थित कटारिया किरयाना स्टोर का तोड़ा गया गल्ला।



बरवाला : घटना के बारे में जानकारी देते दुकानदार।



बरवाला। शिव मिष्ठान भंडार पर जांच करती फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम। फोटो: हरिभूमि

### यूं दिया वारदातों को अंजाम

सबसे पहले चोरों ने सरहेड़ा रोड पर स्थित वार्ड नंबर 5 निवासी सत्यनारायण सैनी के सैनी मिष्ठान भंडार का ताला तोड़ा और गल्ले से करीब 20 हजार रुपये की नकदी चुरा ली। इसके बाद पास ही स्थित वार्ड नंबर 5 निवासी राजेश कुमार सैनी की शिव मिष्ठान भंडार दुकान के दोनों शटरों के ताले तोड़कर गल्ले व मंदिर में रखे लगभग 45 हजार रुपये निकाल लिए। इसके बाद चोर मेन बाजार की ओर बढ़े और महिला किरण की तनेजा हैंडलूम दुकान का ताला तोड़कर अंदर रखी नकदी पर हाथ साफ किया। वहीं पास में स्थित राजेश खेड़ी चोपटा की आरआर फुटवियर दुकान को भी निशाना बनाते हुए करीब 25 हजार रुपये की नकदी चुरा ली। इसके बाद बाइक सवार चोर पंजाबी चौक स्थित जगदीश कटारिया की कटारिया करियाना स्टोर का ताला तोड़कर दुकान के अंदर घुसे और गल्ले से लगभग 8 हजार रुपये की नकदी और करीब 2 हजार रुपये के सिक्के तथा बिस्कुट, फ्रूटी व अन्य सामान की चोरी करके फरार हो गए। इस प्रकार बाइक सवार इन तीनों चोरों ने एक ही रात में पांच दुकानों को निशाना बनाकर करीब एक लाख रुपये से अधिक की नकदी चोरी कर ली। बुधवार सुबह जब दुकानदार अपनी अपनी दुकानों पर पहुंचे तो ताले टूटे मिले और अंदर का सामान अस्त-व्यस्त देखकर उनके होश उड़ गए।

### शहरवासियों में दहशत का माहौल

इन चोरी की घटनाओं से बरवाला शहर में दहशत का माहौल हो गया। सूचना मिलने पर बरवाला पुलिस मौके पर पहुंची और सभी दुकानों का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है। संरक्षक महेंद्र नारंग और प्रधान गोविन्द नारंग व युवा समाजसेवी इंद्रजीत वसूजा ने रात्रि के समय पुलिस गशत बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सके।

# हांसी में बकाया हाउस टैक्स की रिकवरी के लिए नगर परिषद ने सील की दो प्रॉपर्टी

- आरे पर बकाया था 2 लाख 40 हजार रुपये टैक्स, बकायादारों पर जारी रहेगी सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

नगर परिषद द्वारा बकाया हाउस टैक्स वसूलने के लिए चलाया जा अभियान बुधवार को भी जारी रहा। इस दौरान नप अधिकारियों द्वारा शहर में दो प्रॉपर्टी सील की गईं। जबकि की एक प्रॉपर्टी मालिक द्वारा आंशिक पेमेंट किए जाने पर उसकी प्रॉपर्टी को सील नहीं किया। इस दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। नगर परिषद की टीम ने सबसे पहले आमटी झील क्षेत्र के पास स्थित एक लकड़ी के आरे पर कार्रवाई की। आरे पर करीब 2 लाख 40 हजार रुपये का हाउस टैक्स बकाया था। टीम ने आरे के गोदाम को सील कर दिया। नगर परिषद द्वारा यह कार्रवाई नगर परिषद सचिव एंजेल वायु और हाउस टैक्स इंचार्ज सत्यवान के नेतृत्व में की गई। परिषद के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि हाउस टैक्स बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इसके साथ ही नप अधिकारियों ने लोगों से समय पर टैक्स जमा कराने की अपील की। इस दौरान नप अधिकारियों के साथ पुलिस भी मौजूद रही।



हांसी। आरे के गोदाम को सील करती नगर परिषद टीम।

### प्रॉपर्टी मालिक ने मौके पर भुगतान किया

आरा गोदाम को सील करने के बाद नप टीम श्री काली देवी मंदिर रोड़ पर एक प्रॉपर्टी को सील करने के लिए पहुंची। लेकिन यहां प्रॉपर्टी मालिक ने मौके पर 20 हजार रुपये का आंशिक भुगतान किया और बकाया राशि जल्द जमा कराने का आश्वासन दिया। इस पर टीम ने सीलिंग की कार्रवाई रोक दी। अभियान के तहत टीम ने तीसरी कार्रवाई रविदास धर्मशाला के पास स्थित एक कबाड़ के गोदाम पर की। और गोदाम पर हाऊस टैक्स बकाया होने के कारण इस गोदाम को सील कर दिया गया।

# मीट विक्रेताओं के चालान काटे, शेड हटवाए

- नगर निगम की टीम का कड़ा रुख : खुले में मीट बेचने वालों के 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम टीम ने तेलियान पुल क्षेत्र में अभियान चलाकर मीट विक्रेताओं के चालान किए और उनके शेड भी हटाए। नगर निगम ने बुधवार को कड़ा रुख अपनाते हुए 25 हजार के चालान किए।

नगर निगम का दावा है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के प्रयास लगातार जारी रहेंगे। इसी कड़ी में निगम प्रशासन ने तेलियान पुल क्षेत्र में यह कार्रवाई की। अभियान का संचालन अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल और अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के मार्गदर्शन में किया गया। नगर निगम टीम ने तेलियान पुल से लेकर भगत सिंह चौक तक सड़क किनारे से अतिक्रमण को हटाया।



हिसार। अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करती निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

### निगम की सफाई शाखा का एक्शन

इस दौरान खुले में मीट बेचने वाले विक्रेताओं के शेड और सामान हटवाए गए, जिससे मार्ग पर यातायात सुचारू बनाया जा सके। कार्रवाई के दौरान निगम की सफाई शाखा ने खुले में मीट बेचने वालों के खिलाफ पांच चालान किए, जिनकी कुल राशि 25 हजार रुपये रही। इस मौके पर तहबाजारी टीम के साथ यूनियन प्रधान सुरेंद्र, एएसआई राहुल सैनी, एएसआई राहुल पंवार, एएसआई विजेता और एएसआई रोहित सोनी सहित दरोगा मौजूद रहे।

### सड़कों और बाजारों को अतिक्रमण मुक्त करना निगम का उद्देश्य

नगर निगम का कहना है कि मुख्य सड़कों और बाजारों को अतिक्रमण मुक्त कर आमजन को जाम और अव्यवस्था से राहत देना ही उसका मुख्य उद्देश्य है। इसके साथ ही दुकानदारों को जागरूक करते हुए अपील की गई कि वे अपना सामान दुकान की सीमा में ही रखें, सड़कों पर कचरा न फैलाएं और सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचें, ताकि शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया जा सके।

# मीटर लोड बढ़वाने के नाम पर धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पीएलए चौकी ने मोटर लोड बढ़वाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान शहर के कृष्णा नगर निवासी प्रिंस उर्फ शेरू के रूप में हुई है। जांच अधिकारी एएसआई विनोद ने बताया कि इस संबंध में ग्रीन पार्क निवासी डॉ. अनीता गोस्वामी ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार उन्होंने अपने मकान का लोड बढ़वाने के लिए प्रिंस उर्फ शेरू व उसके साथी के माध्यम से फाइल लगवाई थी। इस कार्य के लिए आरोपी द्वारा उनसे 21 हजार 300 की ऑनलाइन पेमेंट करवाई गई, जिसके बदले दी गई रसीद जांच के दौरान फर्जी पाई गई।

शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम पिछले लगभग एक वर्ष से आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने सूचना एवं साइबर तकनीक की मदद से आरोपी प्रिंस उर्फ शेरू को रोहतक से काबू कर लिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और इसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# जाट एजुकेशन सोसायटी की चुनाव प्रक्रिया पर स्टे ऑर्डर

- डीआर बृजपाल ने 15 दिन में वोटर लिस्ट पर लगाई गई आपत्तियों पर जवाब मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जाट एजुकेशन सोसायटी की चुनाव प्रक्रिया पर डिस्ट्रिक रजिस्ट्रार ऑफ फर्म एंड सोसायटीज ने स्टे ऑर्डर दे दिया है। डीआर बृजपाल ने 15 दिन में वोटर लिस्ट पर लगाई गई आपत्तियों पर जवाब मांगा है। स्टे ऑर्डर एडवोकेट योगेश सिहाग, राजकुमार बामल, अंकित श्योराण की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई आदेश जारी किए हैं। उधर, जाट एजुकेशन सोसायटी के निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट प्रदीप बाजिया ने कहा कि डीआर की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। फिलहाल 15 दिन की रोक लगाने बारे में जानकारी मिली है। अभी आदेश की प्रति नहीं मिली है।

बता दें कि जाट एजुकेशन सोसायटी में 296 कॉलेजियम सदस्यों के चुनाव के लिए 26-27 मार्च को नामांकन लिए जाने थे। जाट एजुकेशन सोसायटी के 14605 मतदाताओं को अपनी वोट का प्रयोग कर 296 कॉलेजियम चुनने थे। जिसके लिए 26 व 27 मार्च को कॉलेजियम सदस्यों के लिए नामांकन किया जाना था। एडवोकेट योगेश सिहाग, राजकुमार बामल, अंकित श्योराण सहित अन्य लोगों ने मतदाता सूची पर सवाल उठाते हुए डिस्ट्रिक रजिस्ट्रार ऑफ फर्म एंड सोसायटीज के समक्ष याचिका दायर की थी। जिसमें याचिकाकर्ताओं ने कहा कि 2020 की वोटर लिस्ट के आधार पर चुनाव कराए जा रहे हैं।

मतदाता सूची में 14605 लोगों में से करीब 1500 लोगों की मौत हो चुकी है। जिसमें काफी मौत कोविड के दौरान हुई थी। मतदाता सूची को अपडेट किए गए बिना चुनाव कराना पूरी तरह से गलत होगा। पहले मतदाता सूची को शुद्ध किया जाए इसके बाद ही चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो।



आदमपुर : सीसवाल धाम में ध्वजारोहण करते महंत स्वामी प्रणवानंद महाराज व अन्य।

# सीसवाल धाम में 750 वर्ष पुराने शिव मंदिर का हुआ जीर्णोद्धार

- ध्वजारोहण के समय हेलीकाप्टर से हुई फूलों की वर्षा, भक्तिमय हुआ माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर

सीसवाल स्थित करीब 750 वर्ष प्राचीन ऐतिहासिक शिव मंदिर का भव्य जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण हुआ। करोड़ों रुपये की लागत से यह दिव्य धाम अब क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित होगा। मंदिर का नवीन स्वरूप श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना है और यहां दूर-दूर से श्रद्धालुओं का आगमन निरंतर बढ़ रहा है। इस पावन कार्य की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि मंदिर के जीर्णोद्धार की पवित्र नींव ब्रह्मलीन गो ऋषि स्वामी राजेंद्रानंद महाराज (हरिद्वार) द्वारा रखी गई थी। गो सेवा, सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और समाज कल्याण के लिए समर्पित उनका जीवन सदैव प्रेरणादायक रहा। उन्होंने अपने तप, त्याग और आध्यात्मिक शक्ति से समाज को धर्म मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उनके आशीर्वाद एवं संकल्प से प्रारंभ हुआ यह महान कार्य आज भव्य धाम के रूप में साकार हुआ है, जो उनकी दूरदृष्टि और आध्यात्मिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। मंदिर के जीर्णोद्धार पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य वैदिक यज्ञ अनुष्ठान चल रहा है। काशी विश्वनाथ से पधारे विद्वान आचार्य पं. तुंगनाथ त्रिपाठी के सान्निध्य में विद्वान ब्राह्मणों एवं वेदाचार्यों द्वारा प्रतिदिन मंत्रोच्चार के साथ महायज्ञ किया जा रहा है। भव्य ध्वजारोहण एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। मिनी हेलीकाप्टर से हुई फूलों की वर्षा की गई। इस दौरान महंत स्वामी प्रणवानंद महाराज (हरिद्वार), आचार्य स्वामी गोविंदशरणानंद महाराज एवं आचार्य स्वामी विश्वात्मानंद महाराज के पावन सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान विधिपूर्वक सम्पन्न कराए गए। कार्यक्रम में कामेश्वर धाम किरमारा से युगल गिरी महाराज ने विशेष रूप से शिरकत की। विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियों की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की गई तथा ध्वजारोहण के साथ मंदिर परिसर जयघोष और भक्ति के वातावरण से गूंज उठा।

### भरतपुर से आए पत्थर

समिति के प्रधान घीसा राम जैन ने बताया कि मंदिर के निर्माण कार्य में विशेष रूप से राजस्थान के भरतपुर जिले के बंशी पहाड़पुर से लाए गए उच्च गुणवत्ता वाले पत्थरों का उपयोग किया गया है, जो अपनी मजबूती, सुंदरता और दीर्घकालिक टिकाऊपन के लिए प्रसिद्ध हैं। इस भव्य निर्माण ने मंदिर को एक अद्वितीय और दिव्य स्वरूप प्रदान किया है।

## ग्राम पंचायतों को निःशुल्क उपलब्ध करवाएंगे 90 हजार पौधे

# 4.60 लाख पौधों से हरा-भरा होगा हांसी जिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जिले में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को सशक्त बनाने के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर पौधरोपण की तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी में इस वर्ष जिले की तीन नर्सरियों में करीब 4 लाख 60 हजार पौधे तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें आगामी बरसाती मौसम में विभिन्न योजनाओं के तहत रोपित किया जाएगा।

जल शक्ति अभियान के अंतर्गत जिले की ग्राम पंचायतों को 90 हजार पौधे निशुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके अलावा पौधगिरी योजना एवं फ्री प्लांट सप्लाई योजना के तहत स्कूलों, संस्थानों व आम नागरिकों को भी पौधे वितरित किए जाएंगे। आमजन को प्रत्येक आधार कार्ड पर 10 पौधे दिए जाएंगे, जिनमें फलदार, फूलदार, सजावटी और छायादार पौधे शामिल होंगे। नागरिक अपनी इच्छा अनुसार पौधों का चयन कर उन्हें रोपित कर सकते हैं, जिससे जिले में हरित क्षेत्र का विस्तार होगा।



हांसी। वन विभाग की नर्सरी में तैयार की रही पौध।

### प्राण वायु देवता योजना के तहत 6 प्राचीन पेड़ों की पहचान

रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर रमेश कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार की प्राण वायु देवता योजना के तहत जिले में 75 वर्ष से अधिक आयु के 77 पेड़ों के संरक्षण के लिए प्रति पेड़ 3000 रुपये वार्षिक पेंशन दी जा रही है। इस योजना के अंतर्गत वन विभाग द्वारा ऐसे 6 और प्राचीन पेड़ों की पहचान की गई है, जिनकी आयु 75 वर्ष से अधिक होने की संभावना है। इनकी आयु का आकलन कमेटी द्वारा जल्द किया जाएगा।

### नारनौंद क्षेत्र के खेत में 95 वर्ष पुराना जामुन का पेड़

उन्होंने बताया कि नारनौंद क्षेत्र में एक खेत में लगभग 95 वर्ष पुराने जामुन के पेड़ तथा सालाडेरी गौशाला में करीब 95 वर्ष की आयु के एक केम की पहचान की गई है, जिन्हें योजना के तहत पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना में पीपल, बरगद, जामुन जैसे वृक्ष प्रमुख रूप से शामिल हैं।

### पौधरोपण की तैयारी शुरू

जिले को हरा-भरा बनाने के लिए व्यापक स्तर पर पौधरोपण की तैयारी की जा रही है। जिले की 3 नर्सरियों में 4.60 लाख पौधे तैयार किए जा रहे हैं, जो बरसाती मौसम में लगाए जाएंगे। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार का ही नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। अधिक से अधिक पौधारोपण कर आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण दें।

**-राहुल नरवाल,** डीसी, हांसी।



स्पाइनल ऑस्टियोअर्थराइटिस बहुत पेनफुल समस्या है। इसके अलावा सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस और लंबर स्पॉन्डिलाइटिस जैसी स्पाइन रिलेटेड समस्याओं के ट्रीटमेंट में ईएसडीएस काफी इफेक्टिव हो सकती है। किस तरह की जाती है यह सर्जरी और नॉर्मल सर्जरी से कैसे है यह अलग, जानिए।

## स्पाइनल ऑस्टियोअर्थराइटिस के ट्रीटमेंट में इफेक्टिव ईएसडीएस

ट्रीटमेंट



डॉ. सुदीप जैन
डायरेक्टर-स्पाइन सॉल्यूशंस इंडिया
नई दिल्ली



रीढ़ की गठिया यानी स्पाइनल ऑस्टियोअर्थराइटिस की समस्या के इलाज के अंतिम विकल्प के रूप में एंडोस्कोपिक स्पाइनल डिब्राइडमेंट सर्जरी (ईएसडीएस) से मरीजों को अच्छे रिजल्ट मिल रहे हैं। इसके साथ ही सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस और लंबर स्पॉन्डिलाइटिस की समस्या दूर करने में भी ईएसडीएस कारगर साबित हो रही है। ईएसडीएस की सफलता दर 95 प्रतिशत से ज्यादा है। इस तरह की सर्जरी के लिए इंट्राऑपरेटिव कंप्यूटर नेविगेशन सिस्टम, व्-आर्म और 3डी प्रिंटिंग का इस्तेमाल करके इंट्राऑपरेटिव 3डी रिकंस्ट्रक्शन इमेजिंग और रोबोट का प्रयोग किया जाता है।

**क्या है यह सर्जरी:** ईएसडीएस की प्रक्रिया के तहत सर्जन रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) के प्रभावित भाग पर एक सूक्ष्म चीरा या कट लगाते हैं। फिर इस कट के जरिए वह एंडोस्कोप को मरीज के प्रभावित भाग जैसे रीढ़ की वर्टिब्रा या डिस्क के समीप ले जाते हैं। एंडोस्कोप एक ट्यूब सदृश होती है, जिसमें लाइट और कैमरा फिट होते हैं, जिनकी मदद से सर्जन ईएसडीएस की प्रक्रिया को अंजाम देते हैं।



**नहीं होती कटिंग:** इस सर्जरी का नाम एंडोस्कोपिक स्पाइनल डिब्राइडमेंट सर्जरी (ईएसडीएस) तो है लेकिन खास बात यह है कि इसमें चीरफाड़ के स्थान पर रेडियो फ्रीक्वेंसी वेव्स, शॉक वेव्स, अल्ट्रासोनिक वेव्स और 'कोल्ड लेजर' का इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा ओजोन का तरल रूप में इस्तेमाल भी करते हैं। रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) के एब्नॉर्मल टिशूज को फ्रीज करके हटा दिया जाता है। स्पाइन के एब्नॉर्मल भाग को निकाल कर उसे वैक्यूम के जरिए सक कर निकाल लिया जाता है। ऐसा प्रोसीजर ट्रेडिशनल सर्जरी में नहीं होता।

**सर्जरी प्रोसीजर:** सर्जरी से पहले एंडोस्कोपी के जरिए विकारग्रस्त हड्डी की सटीक एनाटॅमी अत्यधिक सुस्पष्ट, बड़े (इनलार्ज) रूप में सर्जन को पता चल जाती है। जब कीहोल के जरिए एंडोस्कोपी को स्पाइन के प्रभावित भाग तक पहुंचाया जाता है, तब उस भाग की बड़ी और स्पष्ट छवि नजर आती है, जिससे सर्जन को सटीक ऑपरेशन करने में मदद मिलती है। ये विशेषताएं पारंपरिक सर्जरी के संदर्भ में लागू नहीं होतीं।

**नर्व्स रहती हैं सुरक्षित:** ईएसडीएस की प्रक्रिया के दौरान स्पाइन के इर्द-गिर्द स्थित नसें (नर्व) सुरक्षित रहती हैं और इनके साथ कोई छेड़छाड़ नहीं होती। नसों के सुरक्षित रहने की स्थिति में मरीज तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) से संबंधित कई आशंकित समस्याओं से सुरक्षित रहता है। जबकि यह बात पारंपरिक सर्जरी के संदर्भ में लागू नहीं होती।

**मधुमेह और हृदय रोगियों को राहत:** पारंपरिक सर्जरी की तुलना में ईएसडीएस में सर्जिकल टाइम कम होता है। इस कारण मरीज को एनेस्थीसिया भी कम दी जाती है। इस कारण मधुमेह और हृदय रोगों से ग्रस्त लोगों या फिर बढ़ती उम्र में होने वाली जटिलताओं से गुजर रहे व्यक्तियों में सर्जिकल प्रक्रिया के दौरान होने वाला जोखिम बहुत कम हो जाता है।

**यूज करते हैं लोकल एनेस्थीसिया:** अनेक मरीज बेहोशी शब्द सुनकर डर जाते हैं, लेकिन ईएसडीएस के अधिकतर मरीजों में लोकल एनेस्थीसिया से ही काम चल जाता है। इस सर्जरी में ज्यादातर लोकल एनेस्थीसिया देने से ज्यादातर मरीजों को बेहोश करने की जरूरत नहीं होती।

**रक्त की कम हानि:** पारंपरिक सर्जरी की तुलना में ईएसडीएस में रक्त का कम से कम नुकसान होता है। ऐसी स्थिति में मरीज के ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

**अगले दिन डिस्चार्ज:** सर्जरी के अगले दिन व्यक्ति अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाता है, जबकि पारंपरिक सर्जरी में ऐसा नहीं होता। सर्जरी के लगभग एक हफ्ते के बाद व्यक्ति अपने कार्य पर वापस जा सकता है। जो लोग वजन उठाने या शारीरिक श्रम से संबंधित कार्यों से जुड़े हैं, वे लोग भी अपने कार्य कर सकते हैं। आमतौर पर ट्रेडिशनल ओपन सर्जरी के बाद लगभग 20 से 25 प्रतिशत ऐसे मामले सामने आते हैं, जिनमें दोबारा सर्जरी करनी पड़ती है, जिन्हें मेडिकल भाषा में 'फेल्ड बैक सर्जरी सिंड्रोम' कहते हैं। इसके विपरीत ईएसडीएस में अधिकतम 1 से 2 प्रतिशत मामलों में ही रिवीजन सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

---

डाइट सजेशन

शिखर चंद जैन

लंच, डिनर या ब्रेकफास्ट के समय या दिन में एक दो बार खाने का विचार आना सामान्य है, लेकिन ऐसा जब दिन में कई बार या कहें बार-बार आने लगे तो ऐसा फूड नॉइज के कारण हो सकता है। इसकी कई वजहें हो सकती हैं। इसका आपके सामान्य जीवन पर गहरा असर हो सकता है। इसके कारण, लक्षणों के साथ बचाव के बारे में भी जानिए।

## फूड नॉइज जब दिमाग में हर वक्त आए सिर्फ खाने का विचार



कई लोगों के मन में हमेशा या कुछ कुछ देर के बाद खाने का विचार आता रहता है। कई बार तो एक समय का खाना खाने के दौरान ही दूसरे वक्त के खाने के बारे में खयाल आने लगते हैं। खाने के विचारों पर इस तरह का अनियंत्रण फूड नॉइज की वजह से हो सकता है।

### क्या है फूड नॉइज

जब आपके दिमाग में बार-बार लगातार सिर्फ भोजन की बातें गूंजने लगती हैं या कभी व्हाट्सएप, कभी यू-ट्यूब या कभी इंस्टाग्राम अथवा फेसबुक के माध्यम से अच्छे-बुरे फूड, नए-पुराने फूड या पौष्टिक-जंक फूड की चर्चा आपके जेहन में पहुंचाई जाती हैं तो यह सिचुएशन फूड नॉइज कहलाती है। फूड नॉइज का अर्थ है, भोजन के बारे में लगातार और अकसर परेशान करने वाले विचार। यह केवल 'भूख' लगने जैसा नहीं है। यह मन में चलने वाली एक ऐसी रेडियो फ्रीक्वेंसी की तरह है, जो आपको हर समय खाने, अगले भोजन की योजना बनाने या विशिष्ट खाद्य पदार्थों की लालसा के बारे में बताती रहती है। वास्तव में यह एक मेंटल स्टेट होती है। लेकिन अगर सही तरीके से मैनेज किया जाए तो इस समस्या का समाधान हो सकता है।

### फूड नॉइज के मुख्य लक्षण

फूड नॉइज महसूस करने वालों में इस तरह के लक्षण दिख सकते हैं।

- पेट भरा होने के बावजूद भोजन के बारे में सोचना। हर वक्त भोजन की योजना बनाना, जैसे रात के खाने में क्या होगा? या कल दोपहर क्या खाएंगे? इस तरह के विचारों का बार-बार आना।



- खाने पर नियंत्रण की कमी। यानी, खाने की इच्छा को नजरअंदाज करना लगभग असंभव लगना।
- खाने से भावनात्मक संबंध महसूस होना। किसी प्रकार के तनाव या बोरियत महसूस होने पर तुरंत खाने के बारे में सोचना।

### सामान्य भूख से अलग

जैविक भूख तो शरीर की जरूरत होती है। पेट में गुड़गुड़ाहट होना, ऊर्जा कम महसूस होना और खाना खाने के बाद यह शांत हो जाना, यह सब सामान्य है। लेकिन फूड नॉइज एक मानसिक समस्या है। खाना खाने के तुरंत बाद भी व्यक्ति यह सोच सकता है कि फ्रिज में रखी मिठाई या कोई डिश कब खानी है?

### फूड नॉइज के मुख्य कारण

मस्तिष्क का रिवॉर्ड सिस्टम इसमें बड़ी भूमिका निभाता है। जब हम भोजन देखते हैं या उसके बारे में सोचते हैं, तो मस्तिष्क डोपामाइन रिलीज करता है। जिन लोगों में फूड नॉइज अधिक होता है, उनका मस्तिष्क भोजन के संकेतों (जैसे विज्ञापन या गंध) के प्रति अधिक संवेदनशील होता है। हार्मोनल असंतुलन भी इसकी एक वजह है। शरीर के कुछ हार्मोन भूख और तृप्ति को नियंत्रित करते हैं। जैसे लेप्टिन मस्तिष्क को बताता है कि पेट भर गया है, जबकि घ्रेलिन यह भूख लगने का संकेत देता है। फूड नॉइज से ग्रस्त लोगों में इन हार्मोंस का संचार ठीक से नहीं होता, जिससे मस्तिष्क को कभी 'फुल' होने का संकेत नहीं मिलता। इनके अलावा कुछ दवाओं के सेवन ने भी फूड नॉइज शब्द को लोकप्रिय बनाया है। ये दवाएं मस्तिष्क में जी एक पी-1 रिसेप्टर्स पर काम करती हैं, जो न केवल पाचन को धीमा करती हैं बल्कि मस्तिष्क में उस 'शोर' को भी शांत कर देती हैं। कई लोग इन दवाओं को लेने के बाद पहली बार महसूस करते हैं कि बिना भोजन के विचार के भी रहा जा सकता है।

इसके अलावा तनाव और चिंता इसकी बड़ी वजह है। तनावपूर्ण स्थितियों में मस्तिष्क 'सर्वाइवल मोड' में चला जाता है और कैलोरी-युक्त भोजन की मांग करता है। प्रतिबंधित डाइटिंग भी इसकी वजह हो सकती है। जब हम किसी चीज को खाने से खुद को सख्ती से रोकते हैं, तो मस्तिष्क उस चीज के प्रति अधिक 'शोर' पैदा करता है।

### फूड नॉइज का जीवन पर प्रभाव

फूड नॉइज समस्या के कई तरह के मानसिक प्रभाव दिख सकते हैं। इनमें शामिल हैं-



**मानसिक थकान:** हर समय भोजन के बारे में सोचना मानसिक रूप से आपको थका देने वाला होता है।

**अपराध बोध:** बार-बार खाने के विचारों के कारण व्यक्ति खुद को कमजोर इच्छाशक्ति वाला मानने लगता है।

**एकाग्रता में कमी:** फूड नॉइज से ग्रस्त व्यक्ति का काम या पढ़ाई के दौरान भी ध्यान भोजन पर ही बना रहता है। *

(डाइटिशियन पिंकी गोयल से बातचीत पर आधारित)

### फूड नॉइज को कैसे रोकें

**इस समस्या** के समाधान के लिए आप कुछ उपाय कर सकते हैं।

**माइंडफुल ईटिंग:** खाते समय पूरी तरह से भोजन पर ध्यान देना और उसके स्वाद को महसूस करना।

**पर्याप्त प्रोटीन और फाइबर:** ये लंबे समय तक पेट भरा होने का एहसास कराते हैं, जिससे मानसिक लालसा कम हो सकती है।

**नींद:** नींद की कमी भूख बढ़ाने वाले हार्मोंस को सक्रिय कर देती है।

**प्रोफेशनल मदद:** यदि यह ईटिंग डिसऑर्डर का रूप ले ले, तो मनोवैज्ञानिक या डाइटिशियन से सलाह लेना आवश्यक है।




---

## मेरा मेन फोकस बैलेंस्ड डाइट पर रहता है

फिटनेस फंडा

विकास सालगोत्रा




एक्टर विकास सालगोत्रा इन दिनों सोनी सब पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय' में भगवान विष्णु की भूमिका में नजर आ रहे हैं। सीरियल में उनकी बॉडी काफी फिट और टोंड दिख रही है। वे अपनी हेल्थ और फिटनेस को मेंटेन करने के लिए क्या कुछ करते हैं, बता रहे हैं अपनी जुबानी।

**डाइट प्लान:** मैं प्योर वेजिटेरियन हूं, इसलिए कोशिश करता हूं कि सभी जरूरी न्यूट्रिएंट्स मुझे वेजिटेरियन फूड से ही मिलें। इसीलिए अपनी डाइट में मैं प्रोटीन, फाइबर को प्रचुर मात्रा में शामिल करता हूं। मेरा मेन फोकस बैलेंस्ड डाइट पर रहता है।

**वर्कआउट रूटीन:** अपनी फिजिकल फिटनेस को मेंटेन करने के लिए मैं हफ्ते में कम से कम 5 दिन वर्कआउट जरूर करता हूं। मेरा वर्कआउट रूटीन-हार्डकोर हैवी वेट ट्रेनिंग और कार्डियो का कॉम्बिनेशन होता है। इसके अलावा मुझे जॉगिंग करना भी बहुत पसंद है। इसलिए जॉगिंग भी करता हूं।

**बिजी शेड्यूल में टाइम:** यह सही है कि मेरा शेड्यूल बिजी रहता है। लेकिन मैं अपने फिटनेस को लेकर समझौता नहीं करता, उसके लिए टाइम जरूर निकालता हूं। इसके लिए मैं कोशिश करता हूं कि ज्यादा ना सोऊं, ताकि अपने फिटनेस रूटीन के लिए समय निकाल सकूं। हेल्थ के लिए जितनी देर सोना जरूरी है, उतना ही सोता हूं। आलस में बेड पर पड़े रहकर टाइम वेस्ट नहीं करता हूं।

**मेंटल हेल्थ:** मेंटली हेल्दी रहने के लिए हमेशा पॉजिटिव सोचता हूं। इसके अलावा मेडिटेशन और योगाभ्यास भी करता हूं। अच्छी किताबें पढ़ता हूं और म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट्स भी बजाता हूं। इससे मुझे काफी संतुष्टि मिलती है।

**फिटनेस आइडल:** मेरे फिटनेस आइडल अक्षय कुमार हैं। उनकी फिटनेस और एनर्जी लेवल मुझे बहुत इंस्पायर करते हैं।

**रीडर्स के लिए मैसेज:** अपने फैंस और रीडर्स से यही कहना चाहूंगा कि फिटनेस दिमाग से शुरू होती है। अपने बारे में और दूसरों के लिए हमेशा अच्छा सोचिए, यही असली फिटनेस का मंत्र है। *

प्रस्तुति: सेहत फीचर्स

---

हर्बल जोन

रेखा देशराज

बदलते मौसम में शारीरिक रोगों के होने की आशंका बढ़ जाती है। इनसे बचाव के लिए अन्य सावधानियों के साथ ही आप नीम की कोमल पत्तियों का सेवन भी कर सकते हैं। ये किस तरह फायदेमंद है, बता रहे हैं विस्तार से।

## मौसमी रोगों से बचाती हैं नीम की कोमल पत्तियां





अपने देश में ऋतुओं के बदलने के साथ ही हमारी जीवनशैली भी बदल जाती है। इस तरह देखें तो हमारा शरीर बहुत कुछ प्राकृतिक बदलाव के साथ बदलता है। अगर हम इस बदलाव के अनुकूल नहीं चलते तो हमें कई तरह की शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है और अगर इस बदलाव को प्रकृति के साथ बदल लेते हैं, तो निरोग रहते हैं। इन दिनों के वसंत ऋतु के दौरान वातावरण में हल्की गर्मी शुरू हो जाती है। ऐसे में हवा में पराग कणों की संख्या भी बढ़ जाती है। ऐसे में इस दौरान अगर सावधानी न बरती तो कई तरह की मौसमी बीमारियों के चंगुल में आ सकते हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए नीम की कोमल पत्तियों का सेवन बहुत कारगर होता है। आयुर्वेद में नीम की कोमल पत्तियों को 'सर्वरोग निवारणी' कहा गया है। वसंत ऋतु में नीम के पेड़ों पर नई कोमल और हल्की कड़वी पत्तियां निकलती हैं, तब उन्हें विशेष रूप से औषधीय माना जाता है। यही कारण है कि इस मौसम में बहुत से स्वास्थ्य के प्रति सजग लोग नीम की कोमल पत्तियों को चबाकर खाते हैं।

**कम करे विषैले पदार्थ:** आयुर्वेद के मुताबिक वसंत ऋतु में शरीर में जमा हुआ कफ पिघलने लगता है। क्योंकि शीत ऋतु में हम प्रायः दूसरे मौसमों के मुकाबले ज्यादा और गरिष्ठ भोजन करते हैं। इस मौसम में मेहनत भी दूसरो मौसमों के मुकाबले कम करते हैं। यही कारण है कि सर्दी के दौरान खूब खाया गया कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के रूप में हमारे सामने आता है। एलर्जी, जुकाम, त्वचा रोग, सुस्ती और पाचन संबंधी गड़बड़ियों का नाता कहीं न कहीं इस मौसम की परिस्थितियों से होता है। ऐसे में नीम की पत्तियों का खाना बहुत लाभकारी होता है। नीम की पत्तियों का कड़वा स्वाद शरीर के भीतर जमा कफ और विषैले तत्वों को कम करने में सहायक होता है। इसलिए आयुर्वेद में वसंत को शोधन यानी सफाई का मौसम कहा जाता है और इस प्रक्रिया में ही नीम की पत्तियों का सबसे बड़ा योगदान होता है।

**बढ़ाए प्रतिरोधक क्षमता:** नीम की पत्तियों में कई प्रकार के जैव सक्रिय तत्व पाए जाते हैं जैसे-निंबिन, निमगिन और एंटीऑक्सीडेंट यौगिक। ये तत्व हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। आज के समय जब प्रदूषण, असंतुलित खान-पान और तनाव, हमारी प्रतिरक्षा क्षमता कमजोर कर रहा है, तब नीम की पत्तियां पहले से कहीं ज्यादा लाभकारी साबित होती हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि ये सस्ती और सुलभ प्राकृतिक औषधि के रूप में हमें उपलब्ध होती है। अगर हम इस मौसम में नियमित रूप से नीम की पत्तियों का प्रतिदिन सेवन कर लें तो एक महीने का सेवन पूरे साल हमें कई तरह के शारीरिक संक्रमणों से बचाता है।

**त्वचा की सुरक्षा-रक्त शुद्धि:** वसंत ऋतु में त्वचा संबंधी समस्याएं भी बढ़ जाती हैं, जैसे दाने निकलना, खुजली, फुंसियां होना तथा एलर्जी होना। नीम को इन सभी तरह की समस्याओं से छुटकारा देने वाली प्राकृतिक औषधि माना जाता है। इसके अलावा नीम की पत्तियों वाले उबले पानी से नहाएं तो हमें कई तरह की त्वचा संबंधी परेशानियां नहीं होंगी। रक्त शुद्धि करने वाला नीम इसीलिए सदियों से भारतीय समाज में एक औषधीय पेड़ के रूप में ही उगाया जाता रहा है।

**करे पाचन में सुधार:** नीम की कड़वाहट हमारी पाचनशक्ति को भी सक्रिय बनाने में अहम भूमिका निभाती है। कोमल नीम की पत्तियां कुछ दिनों तक सेवन करने से शरीर में मौजूद विषैले तत्वों को बाहर निकालने में सहायक होती हैं। यही नहीं इस मौसम में नीम की पत्तियां सेवन करने से हमारा पाचनतंत्र बेहतर और मजबूत होता है। *

---

योगोपचार


दिव्यज्योति 'नंदन'

आने वाले महीनों में गर्मी का प्रकोप बढ़ेगा। ऐसे में सुस्ती, थकान और डिहाइड्रेशन की समस्या बढ़ सकती है। इससे बचने के लिए आप अभी से कुछ योगासनों का नियमित अभ्यास शुरू कर दें। इससे आप गर्मी के मौसम में भी ऊर्जावान महसूस करेंगे।

## नियमित करें ये योगासन गर्मी में भी रहेंगे ऊर्जावान



भुजंगासन



शशांकासन



शवासन

गर्मियों में शरीर जल्दी थक जाता है। पानी की कमी हो जाने से सुस्ती और बेचैनी से भी घिर जाता है। ऐसे में कुछ योगासन हैं जो न केवल शरीर को तरोताजा और स्फूर्तिदायक बनाते हैं बल्कि हमारी कार्यक्षमता को भी बढ़ाते हैं। गर्मी में होने वाली समस्याओं से बचने के लिए कुछ शारीरिक प्रयास करने होंगे। आइए जानते हैं, कौन से वो योगासन हैं, जो हमें इन गर्मियों में तरोताजगी देंगे।

**भुजंगासन:** भुजंगासन को कोबरा आसन भी कहते हैं। कोई सतर्क काला नाग जिस मुद्रा में होता है, उसे ही भुजंगासन कहते हैं। इसे करने के लिए सबसे पहले पेट के बल लेटें, हथेलियों को कंधे के पास रखें और धीरे-धीरे अपनी छाती को ऊपर उठाएं तो जो पोज बनेगा, वो भुजंगासन का होगा। भुजंगासन करने के जो त्वरित फायदे मिलते हैं, उनमें रीढ़ की हड्डी मजबूत होती है। फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है और शरीर में ऊर्जा तथा रक्त का संचार बढ़ता है। गर्मियों के मौसम में भुजंगासन इसलिए फायदेमंद होता है, क्योंकि इससे शरीर की जकड़न दूर हो जाती है और उसे करते ही सुस्ती खत्म हो जाती है।

**शशांकासन:** शशांकासन की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह आसन शरीर और दिमाग को तुरंत शांत करता है। इसलिए शशांकासन गर्मियों से होने वाली थकान को दूर करने के लिए बेहद उपयुक्त है। इसे नियमित करने से दिमाग को ठंडक मिलती है। ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है। मानसिक तनाव और बेचैनी कम होती है। जहां तक सवाल है कि शशांकासन कैसे करें तो सबसे पहले वज्रासन में बैठें, फिर सांस छोड़ते हुए आगे की तरफ झुकें और इतना धीरे-धीरे झुकें कि माथा जमीन पर लग जाए और अब हाथ आगे की तरफ फैला दें। कुछ देर इस अवस्था में रहें।

**शवासन:** शवासन गर्मियों में शरीर के तापमान को संतुलित रखने में सहयक होता है। मानसिक थकान दूर करता है और पूरे योग सत्र के बाद इसे किया जाए तो यह शरीर को फिर से ऊर्जा से भर देता है। इस तरह गर्मियों में शरीर को तुरंत आराम देने वाला शवासन सबसे प्रभावी आसन है। इसे करने के लिए जमीन पर मैट बिछाकर पीठ के बल सीधा लेटें। हाथ-पैर ढीला छोड़ दें और अपनी सांसों पर ध्यान दें। कुछ देर इसी अवस्था में रहें।

**बरतें सावधानियां:** योगासन करते समय कुछ सावधानियां बरतें-

- योगासन हमेशा सुबह या शाम के समय ही करें। तेज धूप के समय भूलकर योगाभ्यास न करें। बहुत श्रम वाले योगासन भी न करें।
- योगासन करने से पहले पर्याप्त पानी पीएं और योगा खत्म करने के बाद भी पानी पीना जरूरी है।
- सबसे जरूरी बात, पहली बार कोई भी योगासन, योग प्रशिक्षक से सीखकर ही करें। *

### पद्मासन



**यह ध्यान** का आसन है, लेकिन तन व मन दोनो को शीतलता प्रदान करता है। गर्मियों में नियमित रूप से पद्मासन करने से हम अपने तनाव पर काबू पाते हैं। शरीर की ऊर्जा को संतुलित कर पाते हैं। प्राणायाम और ध्यान के लिए यह खास आसन है। जिन्हें गर्मियों के आते ही चिड़चिड़ापन सताने लगता है, उन्हें तो पद्मासन से दोस्ती कर ही लेनी चाहिए। पद्मासन करने के लिए जमीन पर बैठकर दोनो पैरों को विपरीत जांघों पर रखें, रीढ़ को सीधी रखें और आंखें बंद करके गहरी सांसें लें।

## खबर संक्षेप

### पेंशनर्ज समाज ने पीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

**हिसार।** हरियाणा स्टेट पेंशनर्ज समाज ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेन्द्र सिंह को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि गत 25 मार्च 2025 को पेंशनर्ज के खिलाफ संसद में जो बिल पास करवाया गया था, को राष्ट्रीय स्तर पर इस दिन को काला दिवस के रुप में मनाया गया है। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रुप से जिला प्रधान रोहताश छाछिया, राज्य सलाहकार भरत सिंह पूनियां, जिला सलहकार राजेन्द्र सिंह नैन, किरण शर्मा, रामप्रकाश शर्मा, रणधीर सिंह बल्हारा, सुभाष वर्मा, पुरषोतम, विजेन्द्र सिंह गोयत, भीम सिंह हुड्डा एवं राजपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

### उपभोक्ताओं को समय पर नहीं मिल रही गैस

**हिसार।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता वजीर सिंह पूनिया ने गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था में जनता को हो रही परेशानी पर कड़ी प्रतिक्रिया जताई है। उनका कहना है कि आम उपभोक्ता गैस सिलेंडर के लिए दर-दर भटक रहा है, जबकि एजेंसी संचालक कालाबाजारी में व्यस्त हैं और प्रशासन सब कुछ जानते हुए भी चुप्पी साधे बैठा है। वजीर सिंह पूनिया ने कहा कि सरकार ने 25 दिन बाद गैस बुकिंग का नियम लागू किया, जिसे बढाकर अब 35 दिन का दिया गया है लेकिन यह नहीं बताया कि बुकिंग के बाद उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर कैसे मिलेगा। उन्होंने सवाल उठाया कि जब उपभोक्ता 25 दिन तक इंतजार करता है तो क्या बुकिंग के तुरंत बाद उसे सिलेंडर मिल जाता है? हकीकत यह है कि बुकिंग के बाद भी 15 से 20 दिन तक सिलेंडर नहीं मिलता। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता एजेंसियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, जबकि ब्लैक में गैस सिलेंडर तुरंत उपलब्ध हो जाता है। यह स्थिति साफ तौर पर कालाबाजारी और सिस्टम की विफलता को दर्शाती है।

### अवैध शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**हिसार।** अग्रोहा थाना पुलिस ने अवैध शराब सहित एक युवक को काबू किया है। एएसआई विक्रम सिंह के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर अग्रोहा-बरवाला रोड स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास चाय की दुकान की आड़ में अवैध शराब बेच रहे एक व्यक्ति को काबू किया गया है। उसकी पहचान नंगथला गांव निवासी मुकेश के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 12 बीयर, 6 माल्टा मस्ती तथा 4 शाही देसी शराब की बोतलें बरामद की गई हैं। उस पर केस दर्ज करके अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### एफसी कॉलेज की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

**हिसार।** फतेहचन्द महिला महाविद्यालय की एमए समाजशास्त्र की छात्राओं ने तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया। गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मे शीर्ष 10 स्थानों में प्रथम स्थान पारूल (84.5 फीसद), तृतीय स्थान सुरक्षा (81.3 फीसद) और मोनिका ने (79.7 फीसद) अंक के साथ चतुर्थ स्थान प्राप्त करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने सभी अध्यापकगणों, छात्राओं और अभिभावकों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कविता पाठ में निधि शर्मा रही प्रथम

**हिसार।** शहीदी दिवस के पावन अवसर पर गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में को मैडम क्यूरी केमिकल सोसायटी, रसायन विभाग ने देशभक्ति गीत व कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन सोसायटी की संयोजक डॉ. स्वीटी मोंगा ने किया। कार्यक्रम के इंचार्ज डॉ. मालविका कादियान एवं सरिता रहीं। कविता पाठ प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. पूनम सांगवान एवं डॉ. मुकेश द्वारा किया गया, जबकि देशभक्ति गीत प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. मीरा एवं डॉ. सुषमा शामिल रहीं। प्रतियोगिता के परिणामों में कविता पाठ में निधि शर्मा ने प्रथम, विधि ने द्वितीय तथा हिमांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में साहिल ने प्रथम, सुनील ने द्वितीय तथा विधि ने तृतीय स्थान अर्जित किया।

## कटला रामलीला की रामनवमी शोभा यात्रा की तैयारियां शुरू

# प्रभु श्रीराम के चरित्र से सीखकर हर विपत्ति का सामना धैर्य से करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

श्री रामलीला कमेटी कटला के 129वें श्री रामनवमी महोत्सव के अंतर्गत देवी भवन के गोयनका सदन में चल रही श्रीराम कथा में जहां श्रद्धालुओं के उमड़ने का सिलसिला जारी है, वहीं भव्य रामनवमी शोभा यात्रा की तैयारियां भी जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। देवी भवन के गोयनका सदन में 27 मार्च को प्रातः 7.15 बजे जनकल्याण के निमित हवन किया जाएगा और इसके उपरांत प्रातः 9.15 बजे यहां से बैंड-बाजे के साथ रामनवमी शोभा यात्रा निकलेगी। शोभा यात्रा में हनुमान जी की सैकड़ों ध्वजाएं लहराएंगी और ढोल की थाप पर नाचते हुए सैकड़ों श्रद्धालु आगे बढ़ेंगे।

देवी भवन के गोयनका सदन में चल रही श्रीराम कथा के छठे दिन गोभक्त व समाजसेवी दीपक गर्ग व शिव कुमार सिंगल बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर के. के. सिंगला, एन. के. गोयल, डॉ. यशपाल सिंगला, दुनीचंद गोयल, प्रतीक बंसल, सुशील बुड़ाकिया, संजय गर्ग, महेशपाल झूथरा व ओमप्रकाश कुलदीप ट्रांसपोर्ट वाले विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।





हिसार। श्रीराम कथा के दौरान विभिन्न प्रसंग सुनाते कथा व्यास भावेश कृष्ण भारद्वाज व श्रीराम कथा को श्रवण करते श्रद्धालुगण।

कथा व्यास भावेश कृष्ण भारद्वाज ने श्रीराम कथा के दौरान श्रीराम वन गमन का भावपूर्ण वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि पूरी अयोध्या उत्सव मना रही थी और श्रीराम को युवराज बनाने की तैयारियां चल रही थी लेकिन अचानक उन्हें राजसी आराम छोडक़र वनवास के लिए जाना पड़ा। भावेश कृष्ण भारद्वाज ने समझाया कि श्रीराम के चरित्र से यह बात अवश्य सीखनी चाहिए कि चाहे परिस्थितियां कितनी ही विकट हो जाएं और कोई भी विपत्ति आ जाए, उसका सामना धैर्य व सहजता से करना चाहिए।

## गोकथा सुनने से मिलती है सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा : बेला पारीक




हिसार। श्रीमद गो भागवत कथा में उपस्थित अतिथिगण, संचालन समिति सदस्य व गणमान्य लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

श्री सुरभि गो महायज्ञ, सवा करोड़ श्री सुरभि मंत्र जाप अनुष्ठान और श्रीमद गो भागवत कथा में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। सरस्वती कॉलेज के प्रांगण में चल रहे आठ दिवसीय गो शक्ति जागरण अनुष्ठान के अंतर्गत दूसरे दिन प्रातः विधि-विधान से 108 कुंडीय दशांश महायज्ञ में मातृभूमि सेवा संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष कथा वाचिका विदुषी बेला पारीक दीदी व वैदिक विद्वानों ने यजमानों को पूरी निष्ठा से हवन करवाया। यज्ञ में सरस्वती कॉलेज ऑफ एजुकेशन के डायरेक्टर व गो शक्ति जागरण अनुष्ठान संचालन समिति के व्यवस्था प्रमुख विकास ढल ने परिवार सहित हिस्सा लिया। इस दौरान दयानंद बेनीवाल, सुरेंद्र लाहौरिया, जगदीश बंसल, पतंजलि परिवार से ईश आर्य, डॉ. मुकेश कुमार, अश्विनी शर्मा व पृथ्वी सिंह झाझड़िया सहित काफी संख्या में प्रबद्ध लोगों ने हवन में शिरकत की।

### गोकथा का महत्व बताया

गोकथा के दौरान कथा वाचिका विदुषी बेला पारीक ने गोकथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बार-बार गोकथा सुनने से विचार निर्मल होते हैं और मन शुद्ध होता है। इसके साथ ही इंसान को सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि सत्य का मार्ग कभी नहीं छोड़ना चाहिए और धार्मिक कथाओं और ऋषि-मुनियों की गाथाओं को सुनकर उन्हें जीवन में उतारना चाहिए। सरस्वती कॉलेज में चल रही श्रीमद गो भागवत कथा के दूसरे दिन सरस्वती कॉलेज ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन विजय ढल, कमलेश ढल, देशराज मनचंदा, गो सेवा गतिविधि जिला संयोजक रणधीर झाझड़िया व पूर्व सरपंच चद्रभान ने दीप प्रज्ज्वलित किया।

# भविष्य उन्हीं का है जो सोचते हैं अलग, करते हैं नया और बनाते हैं अवसर : प्रो. संजीव

- गुजवि में विशेष शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस में उद्यमिता परिषद के सौजन्य से बीबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्यमिता, नेतृत्व और नवाचार के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावसायिक सोच विकसित करने, जोखिम उठाने की क्षमता और रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के निदेशक प्रो. संजीव कुमार ने इस पहल को सशक्त दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि भविष्य उन्हीं का है जो अलग सोचते हैं, नया करते हैं और अवसर बनाते हैं।





हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के निदेशक प्रो. संजीव कुमार व कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी। *फोटो : हरिभूमि*

उन्होंने बताया कि इस परिषद की स्थापना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। उद्यमिता परिषद निरंतर नवाचार को बढ़ावा देने, विद्यार्थियों को सही दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करने और विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता को विकसित करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। मेंटर डॉ. मणीश्रेष्ठ ने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सह-मार्गदर्शक डॉ. अंजली गुप्ता ने विद्यार्थियों को इस दिशा में निरंतर मार्गदर्शन प्रदान किया और परिषद की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में परिषद के सदस्यों राहुल, संयम, रूद्र, कर्ण, विपिन, निशिका, पलक, मिताशु, प्रिया, शेफाली व नैतिक का विशेष योगदान रहा।

### विद्यार्थियों का वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज में चयन

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के विद्यार्थियों ने एक बार फिर कैंपस प्लेसमेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न शाखाओं से बड़ी संख्या में चयन प्राप्त किया है। संस्थान में फरवरी-मार्च 2026 के दौरान आयोजित कैंपस इंटरव्यू के माध्यम से वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड सेक्टर-8, मानेसर में विद्यार्थियों का चयन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (ईसीई) तथा कंप्यूटर इंजीनियरिंग शाखा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। ईसीई शाखा से 2 विद्यार्थियों का चयन हुआ एवं कंप्यूटर इंजीनियरिंग शाखा से कुल 13 विद्यार्थियों का चयन किया गया। संस्थान में आयोजित इस कैंपस इंटरव्यू का संचालन टीपीओ डॉ मुकेश बांसल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। संस्थान के प्राचार्य जगमोहन सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी है।

## भरत का त्याग राम राज्य का आधार बना : आचार्य वाजपेयी

- चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष में चल रही राम कथा का सातवां दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

रामपुरा मोहल्ला स्थित गीता भवन में चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष में चल रही राम कथा के सातवें दिन राय बरेली से आए आचार्य कविता कान्त वाजपेयी रामायणी ने भरत चरित्र पर बोलते हुए कहा कि भरत का चरित्र सागर समान है। भरत ने अपनी मां कैकेयी द्वारा उसके लिये मांगे गये अवध के साम्राज्य को ठुकरा दिया। बड़े भ्राता राम को वन से वापिस लाने के लिए चित्रकूट की यात्रा करते हैं, राम के वापिस न लौटने पर उनकी पादुकाओं को लाकर अयोध्या के सिंहासन पर रख देते हैं। चौदह वर्षों तक इन्हीं पादुकाओं के संरक्षण में भरत ने राज कार्य किया। भरत की छत्रछाया में राम राज्य पूर्ण होता है। विश्व भर में भरत जैसा त्याग अनुकरणीय है। त्याग की पराकाष्ठा से ही आदर्शों की स्थापना होती है। कथा से पूर्व भजन गायक सुमित मित्तल, जितेश राखा व शुभम अरोड़ा ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर संस्था की प्रधान उषा बख्शी, सचिव कृष्ण शर्मा, उपप्रधान कृष्ण महता, कोषाध्यक्ष धर्मबीर ग्रोवर, सुशील राजपाल, रामशरण भुटानी, दीपक पाल, आदेश भुटानी, दयानंद बंसल, नंदलाल धमीजा, सुभाष गुप्ता, अर्जुन मानक, देशबंधु, भूषण चौधरी, प्रेमलता बख्शी, सुशीला देवी, वीना चौधरी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### कमोडिटी मार्केट और ट्रेडिंग की जानकारी दी

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग की ओर से 'कमोडिटी डेरिवेटिव्स मार्केट' विषय पर दो ऑनलाइन सत्रों का आयोजन किया गया। इन सत्रों का उद्देश्य विद्यार्थियों को कमोडिटी बाजार, ट्रेडिंग तंत्र तथा निवेश के आधुनिक तरीकों से अवगत कराना था। दोनों सत्रों का आयोजन वेबेक्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से हुआ, जिनमें इंटीग्रेटेड बीकॉम तथा एमकॉम के 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर संसाधन व्यक्ति के रूप में उपस्थित ट्रेनिंग एंड एजुकेशन विभाग, एमसीएक्स इंडिया के वरिष्ठ प्रबंधक नैमिश त्रिवेदी ने विद्यार्थियों को कमोडिटी डेरिवेटिव्स मार्केट की विस्तृत जानकारी दी तथा ट्रेडिंग, फ्यूचर्स एवं ऑप्शंस तथा जोखिम प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। सत्रों के दौरान विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की तथा विशेषज्ञ से विभिन्न प्रश्न पूछकर अपने ज्ञान को समृद्ध किया।

### हरियाणा सचिवालय की टीम ने राष्ट्रीय स्पर्धा में लहराया परचम



**हिसार।** ऑल इंडिया सिविल सर्विस प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित डांस, म्यूजिक एवं शॉर्ट प्ले प्रतियोगिता में हरियाणा सचिवालय की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल सत्रह टीमों में चौथा स्थान प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया। टीम द्वारा प्रस्तुत मेरा मृत्युभोज नाटक ने सामाजिक कुरीतियों पर सशक्त प्रहार करते हुए दर्शकों को गहरा संदेश देने का कार्य किया। प्रतियोगिता के दौरान कलाकारों ने अपने प्रभावशाली अभिनय से सभी का मन मोह लिया। सुनील कुमार को बेस्ट स्पोर्टिंग एक्टर तथा मीना कुमारी को बेस्ट एक्ट्रेस के सम्मान से नवाजा गया, जो टीम की बड़ी उपलब्धि रही। इस सफलता का श्रेय टीम के मार्गदर्शक एवं निर्देशक सतीश बलमिया को जाता है। टीम का सफल नेतृत्व यशपाल मोर द्वारा किया गया, जिनकी प्रेरणा और दिशा-निर्देशन से टीम ने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। नाटक में मुख्य कलाकारों के रूप में सोनू पीटीआई मय्यड़, मीना कुमारी, नरेश पीटीआई मय्यड़, सुनील कुमार, रजनी कुमारी, सोनू कुमारी, यशपाल मोर, पूजा यादव, सतीश दलाल, आशा रानी, सीमा देवी, प्रमोद मोर, सतीश पुनिया,शंकर ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं।

# डाकघर की योजनाएं आज भी निवेश का सबसे सुरक्षित माध्यम : प्रो. काम्बोज

- हकृवि में डाक विभाग की योजनाओं को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में डाक विभाग द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे जबकि हिसार डाक मंडल के अधीक्षक अनिल कुमार रोज विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। मंच पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार और उपरोक्त महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग भी उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि डाकघर की योजनाएं आज भी निवेश का सबसे सुरक्षित और भरोसेमंद माध्यम हैं। छोटी-छोटी बचत ही भविष्य में बड़ी सुरक्षा का आधार बनती है। डाकघर की योजनाएं आम नागरिकों के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने डाक विभाग की योजनाओं को सुरक्षित और विश्वसनीय निवेश का माध्यम बताते हुए कहा कि यह योजनाएं आमजन के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज, डाक अधिकारी व उपस्थितजन।

### हिसार डिविजन में 515 पोस्ट ऑफिस : अनिल रोज

हिसार मंडल के डाक अधीक्षक एवं विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार रोज ने बताया कि हिसार डिविजन में 515 पोस्ट ऑफिस हैं, जिनमें नौ लाख 26 हजार बचत बैंक के खाते हैं इसके अतिरिक्त 10 साल से कम उम्र की कन्याओं के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत 1 लाख 46000 खाते खोले गए हैं। उन्होंने बताया कि हिसार डिविजन में 23 पोस्ट ऑफिस आधार अपडेशन तथा नए आधार बनाने का कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा सिरसा एवं हिसार में पासपोर्ट बनाने का कार्य भी किया जा रहा है। कुलसचिव एवं कार्यक्रम के आयोजक डॉ पवन कुमार ने कहा कि डाक विभाग केवल चिट्ठी भेजने का कार्य ही नहीं करता बल्कि यह डाक, बैंक, बीमा और डिजिटल सेवाओं का एकीकृत केन्द्र बन चुका है। सहायक अधीक्षक कृष्ण कुमार रोहिल्ला ने डाक विभाग द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# विद्यार्थियों ने मौसम विज्ञान इकाई के कार्य को समझा

- मौसम उपकरणों के प्रयोग एवं मौसम आंकड़ों के संकलन की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

राजकीय महाविद्यालय, मंगाली के भूगोल विभाग द्वारा बीए द्वितीय वर्ष, चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों का मौसम विज्ञान इकाई का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न मौसम संबंधी उपकरणों जैसे थर्मामीटर, बैरोमीटर, हाइग्रोमीटर, वर्षा मापक (रेन गेज), एनीमोमीटर तथा विंड वेन आदि के कार्य एवं उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार, कृषि मौसम विज्ञान विभाग के प्रयोगात्मक प्रक्षेत्र में विद्यार्थियों को मौसम उपकरणों के प्रयोग एवं मौसम आंकड़ों के संकलन की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही डॉ. विजयंती, जूलॉजी विभाग ने भी इस शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अंजु चौधरी के मार्गदर्शन में तथा डॉ. विजेता नेहरा, भूगोल विभाग के नेतृत्व में यह शैक्षणिक गतिविधि सफलतापूर्वक संपन्न हुई।



हिसार। मौसम विभाग में उपकरणों की जानकारी लेते हुए।

## महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता ने श्रीराम कथा में दिए प्रवचन

# भगवान को हृदय में रखकर कार्य करें, पाप से बचे रहेंगे

*श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में श्रीराम कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में चल रही श्रीराम कथा व आध्यात्मिक प्रवचन सुनने के लिए जहां भीड़ उमड़ रही है, वहीं मॉडल टाउन में स्थित इस आश्रम में 27 मार्च के पूजा-पाठ, कन्या पूजन व भंडारे की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। 27 मार्च को प्रातः महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता विधि-विधान से पूजा करवाएंगी और वैदिक विद्वान यजमानों को दुर्गा सप्तशती का पाठ करवाएंगे। इसके साथ ही पूरी निष्ठा से कन्या पूजन किया जाएगा और आध्यात्मिक प्रवचन रहेंगे। कथा व्यास श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता के श्रीराम कथा के दौरान सभी श्रद्धालुओं को समझाया कि भगवान को हृदय में रखकर कार्य किए जाएं तो पाप से बचे रहोगे। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का आचरण ध्यान में रखकर सभी से व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीराम धर्म, मर्यादा, सदाचार के पोषक रहे। उनके जीवन से यह सब कुछ सीखा जा सकता है। इससे पूर्व श्रीराम कथा के पांचवें दिन शक्ति उपासना ट्रस्ट के ट्रस्टी जयप्रकाश मित्तल (दिल्ली) ने कथा व्यास अनंत श्री विभूषित परम श्रद्धेय स्वामी संतोषी माता को तिलक करके अभिनंदन किया और जीडी गोयल, विजयपाल, कपूर चंद, रीटू बंसल व प्रकाश देवी गर्ग ने स्वामी संतोषी माता को माला अर्पित करके स्वागत किया।



हिसार। आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में स्वामी संतोषी माता का स्वागत-सत्कार करते पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### इन्होंने भी किया कथा का श्रवण

इस अवसर पर मां संतोषी आश्रम की प्रबंधन कमेटी के संयोजक राजमल काजल, मदनलाल गोयल, कृष्ण कुमार वर्मा, लोकनाथ सिंगल, सुभाष बंसल, जयप्रकाश जेपी व रमेश चुघ सहित काफी संख्या में गणमान्य लोगों व अन्य नागरिकों ने पूरी आस्था के साथ श्रीराम कथा का श्रवण किया।

### सरकारी स्कूल में समाजसेवी बंसल ने लगवाया वाटर कूलर



**आदमपुर।** आदमपुर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को समाजसेवी संतोष बंसल सीसवालिया द्वारा वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर प्राचार्या अंजू बाला गर्ग ने कहा कि प्राचीन शास्त्रों के अनुसार ठंडे पानी की सेवा का बहुत अधिक महत्व है और जल सेवा से बड़ा कोई दान नहीं है क्योंकि आदमी भूखा रह सकता है पर प्यासा नहीं रह सकता। इस अवसर पर प्राध्यापक सुरेश कुमार, कमल बंसल, दिनेश गर्ग, प्रेम, इंदुबाला, वत्सला, कविता, सोनाली, मधु आदि उपस्थित थे।

**सूचना**

मैं, सुरेश कुमार पुत्र जय सिंह निवासी गांव दुर्जनपुर, तहसील व जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अनिल कुमार व पुत्रवधु पूजा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**नीलामी सूचना**

प्रमाणित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कैमरी में पंचपीर जोहड, ढाब जोहड, घड़वा जोहड की मछली पालन हेतु 8 वर्षों के लिये पट्टे पर खुली बोली दिनांक 28/3/2026 को सुबह 11.00 बजे पंचायत घर में की जाएगी जिसकी सिक्योरिटी राशी मु. 1,00,000/- रु प्रत्येक जोहड़ के लिये जमा करवानी होगी। बाकी शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

दयावन्ती सरपंच
ग्राम पंचायत कैमरी जिला हिसार
फोन. 9812070069

## खबर संक्षेप

### इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड में हासिल किए गोल्ड मेडल

**नारनौंद।** होली फील्ड मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड में गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय, अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। स्कूल के प्रिंसिपल जगत वत्स ने कहा कि विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों अवनी, भीमांशी, हिमांशु, लक्ष्य, अनमोल, अक्षत, मनस्वी, अरसोमा, नेहा, अदिति, कुणाल, हर्ष, परी, हर्षिता, इशांत, हर्ष, वंशिका, अलीशा, केशव, आंचल ने मैडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के महासचिव जयवीर मोर एवं प्रिंसिपल जगत वत्स ने विजेता विद्यार्थियों को मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### कृषि मेला में लुवास की स्टॉल को प्रथम स्थान

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से से आयोजित कृषि मेला में लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) की कृषि-औद्योगिक प्रदर्शनी की स्टॉल ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। लुवास की स्टॉल पर पशुपालन, डेयरी प्रबंधन, उन्नत नस्लों, संतुलित पशु आहार, रोग नियंत्रण तथा आधुनिक पशु चिकित्सा सेवाओं से संबंधित जानकारी को अत्यंत आकर्षक एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसे किसानों एवं आगंतुकों ने खूब सराहा। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. गौतम व लुवास की पूरी टीम को बधाई दी।

### पंकज प्रधान व विकास कन्नौह बने सचिव

**हिसार।** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित हरियाणा पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के अग्रोहा ब्लॉक के पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर्स की बैठक जिला सचिव कर्मबीर पनिहारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला सचिव कर्मबीर पनिहारी ने भारतीय मजदूर संघ और हरियाणा पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर संघ की रीति नीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन की अग्रोहा ब्लॉक कार्यकारिणी का चुनाव किया गया जिसमें पंकज ब्लॉक प्रधान, भूषण उपप्रधान, विकास कन्नौह सचिव, पिंकी कोषाध्यक्ष व इकबाल को प्रेस प्रवक्ता चुना गया। इस अवसर पर विक्रम, अरविंद, प्रदीप, मनदीप, सुमन, दीपिका, अंजू, सुशील, बलजीत व संदीप आदि मौजूद रहे।

### पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी के जन्मदिवस पर हवन-यज्ञ

**हिसार।** डीएवी कॉलेज प्रबंधकृर्त समिति, नई दिल्ली के प्रधान एवं पद्मश्री आर्यरत्न डॉ. पूनम सूरी के 79वें जन्मदिवस के अवसर पर दयानंद कॉलेज में हवन यज्ञ एवं वैदिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। हवन यज्ञ का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं अग्निहोत्र के साथ हुआ। हवन यज्ञ को स्थानी ब्रह्म महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद योगार्थी ने करवाया। इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या डॉ. यशुराय तायल ने डॉ. पूनम सूरी के व्यक्तित्व व कृत्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक व गैर शिक्षक सदस्यों व छात्र-छात्राओं ने वैदिक परम्पराओं के महत्व से समझा व समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लिया।

## निजी स्कूलों को टक्कर देने के लिए सरकारी स्कूलों ने कसी कमर

# दाखिले बढ़ाने के लिए सरकारी स्कूलों के अध्यापकों ने भी घर-घर शुरू की दस्तक

- स्कूल में पिछले साल 253 थी छठी से 12वीं कक्षा तक के छात्रों की संख्या, इस बार 300 पार करने का लक्ष्य निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

स्कूलों में नए सत्र के दाखिले को लेकर निजी स्कूलों के अध्यापक बच्चों के अभिभावकों को लुभावने सपने दिखाकर स्कूलों में बड़ी संख्या में दाखिले कर लेते हैं। अब इस प्रतिस्पर्धा के दौर में सरकारी स्कूलों के अध्यापक भी अपने स्कूल का परिणाम अभिभावकों के सामने रखकर स्कूल में छात्रों की संख्या बढ़ाने के लिए गांव में घर-घर जाकर ग्रामीणों को जागरूक कर रहे है।

गांव खेड़ी जालब के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या चंद्रों देवी स्कूल के अध्यापक स्कूल में छात्रों की संख्या बढ़ाने के लिए इन दिनों गांव में जाकर ग्रामीणों से मिलकर पिछले सालों का स्कूल का परिणाम सामने रख कर बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूल में करवाने के लिए जागरूक कर रहे हैं। स्कूल के अध्यापक कुमारी सोनू, सपना, प्रेम कुमारी, अक्षिता, उर्मिला, रोहतास कुमार, कृष्ण कुमार आदि ने बताया कि पिछले काफी समय से स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत आ रहा है। पिछले साल दसवीं व 12वीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा था।

पिछले सत्र में स्कूल में कक्षा छठी से बारहवीं तक के कुल 253 छात्रों ने दाखिला लिया था लेकिन बीच में अलग अलग कक्षाओं के 16 छात्र चले गए थे। अबकी बार स्कूल में छात्रों संख्या को ओर ज्यादा बढ़ाया जाएगा। इसके लिए स्कूल के सभी अध्यापक हर रोज गांव में जाकर ग्रामीणों से संपर्क कर उनके जागरूक करने का काम कर रहे है। स्कूल में छात्रों की संख्या 300 पार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



नारनौंद। खेड़ी जालब में घरों पर जाकर ग्रामीणों को जागरूक करते सरकारी स्कूल के अध्यापक।

### ग्रामीणों का बढ़ा रुझान

स्कूल के प्रिंसिपल बिजेंद्र बैनीवाल ने बताया कि परीक्षा परिणाम देखकर ग्रामीणों के साथ विद्यार्थियों का रुझान फिर सरकारी स्कूलों की ओर हो रहा है। खासकर लड़कियां गांव में रहकर पढ़ने के पक्ष में हैं। अबकी बार स्कूल में छात्रों की संख्या में काफी बढ़ोतरी होगी।

### सभी सुविधाएं उपलब्ध

खंड शिक्षा अधिकारी जोगेंद्र सिंह मलिक ने बताया कि सभी स्कूलों में शत प्रतिशत परिणाम आने पर ग्रामीणों का रुझान सरकारी स्कूलों की तरफ बढ़ा है। अबकी बार स्कूल के सभी अध्यापक काफी मेहनत कर रहे हैं कि छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो। स्कूलों में छात्रों की सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

### कम फीस में अच्छी शिक्षा

ग्रामीण पूर्व सरपंच सुरेश कुमार, राज सिंह, मंदीप, साधु राम ने बताया कि सरकारी स्कूल के अध्यापक स्कूल में छात्रों की संख्या बढ़ाने के मेहनत कर रहे हैं। गांव के लोग भी जागरूक हो रहे हैं कि कम फीस में उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी। स्कूल का परिणाम भी अच्छा आ रहा है। सभी अध्यापक काफी मेहनत से स्कूल में पढ़ाई करवा रहे हैं।

## पांच किलोग्राम गांजा के साथ एक युवक गिरफ्तार

हरिभूमि ▶▶ नारनौंद

सीआईए स्टाफ नारनौंद ने नशीले पदार्थ की तस्करी करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी श्याम उर्फ काला निवासी भकलाना को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया।

एएसआई राजीव कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान जींद-भिवानी रोड पर गांव उगालन बस स्टैंड पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि श्याम उर्फ काला निवासी भकलाना, जो नशीले पदार्थ बेचने का कार्य करता है। वो नशीला पदार्थ लेकर गांव भकलाना से पेटवाड़ की ओर जाने वाला है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए भकलाना-पेटवाड़ रोड पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान कुछ समय पश्चात एक युवक हाथ में सफेद प्लास्टिक का कट्टा लिए हुए भकलाना की तरफ से आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर अचानक वापस मुड़कर तेज भागने लगा। पुलिस टीम ने भागकर उसका पीछा किया और कुछ दूरी पर उसको पकड़ लिया। उससे पूछताछ की तो उसकी पहचान श्याम उर्फ काला निवासी भकलाना के रूप में हुई। प्लास्टिक कट्टे की तलाशी ली गई, जिसमें पांच किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।



नारनौंद। पुलिस की गिरफ्त में आरोपित युवक। फोटो :हरिभूमि

### परिवार गया था मंदिर, घर में हो गई चोरी

**हिसार।** जवाहर नगर के पास स्थित डिफेंस कॉलोनी में एक आवास में चोरी की वारदात हो गई। वारदात के समय पूरा परिवार बनभौरी मंदिर में नवरात्र पर पूजा अर्चना करने गया था। इस मामले में पुलिस ने डिफेंस कॉलोनी में रहने वाली मीना रानी की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता के अनुसार नवरात्र के दौरान 22 मार्च की शाम को परिवार के साथ बनभौरी मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए गई थी। रात्रि करीब साढे 10 बजे जब घर पर वापस आए तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। चोर अलमारी के अंदर रखी दो तोले सोने की चेन, एक सोने की अंगूठी और चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए।

## विनोद कुमार ने संभाला हांसी के एसपी का कार्यभार

# अपराध रोकने के प्रभावशाली प्रयास किए जाएंगे : एसपी

- उप पुलिस अधीक्षकों व थाना प्रभारियों को अभियोगों की त्वरित जांच के देंगे निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक का विधिवत रूप से अपना कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार ग्रहण करने उपरांत नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस जिला हांसी में अपराध पर रोक लगाने के लिए प्रभावशाली प्रयास किए जाएंगे। जिले में नशा उन्मूलन, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने सहित साइबर अपराधों पर नियंत्रण करने तथा महिला विरुद्ध अपराध सहित सभी तरह के अपराधों पर रोक लगाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

नशीले पदार्थों व साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए हर संभव प्रयास किये जाएंगे और पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण तथा हांसी में सुगम यातायात प्रवाह के लिए प्रयास किये जाएंगे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि उप पुलिस अधीक्षकों और थाना प्रभारियों को अभियोगों में त्वरित जांच के निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही थाना या पुलिस चौकी में शिकायत मिलते ही अभियोग अंकित करने व लंबित अभियोगों के जल्द से जल्द निपटान के लिए आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। जिले में होने वाली अवैध गतिविधियों पर पुलिस द्वारा प्रभावी निगरानी की जाएगी।

इस अवसर पर एसडीएम राजेश खोथ, डीएसपी विनोद शंकर, डीएसपी देवेंद्र नैन सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।



एसपी विनोद कुमार



हिसार। सिंगल व डबल खिताब जीतने के बाद खुशी जाहिर करते सीनियर टेनिस खिलाड़ी योगेश कोहली।

### योगेश कोहली ने सीनियर टेनिस में 4 टाइटल और अपने नाम किए

**हिसार।** सीनियर टेनिस खिलाड़ी योगेश कोहली ने सीनियर टेनिस की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में एक बार फिर से अपने शानदार खेल का लोहा मनवाया है। उन्होंने उत्तराचंल टेनिस एसोसिएशन की ओर से हाल ही में उत्तरांचल में हुई सिंगल व डबल्स दोनों इंटरनेशनल टूर्नामेंट के खिताब अपने नाम किए हैं। इससे पूर्व भी उन्होंने गुड़गांव में आयोजित इंटरनेशनल आईटीएफ एमटी 200 में सिंगल व डबल्स के खिताब जीते हैं। इसके साथ ही इस वर्ष तीन माह के दौरान वे 9 टाइटल जीत चुके हैं। योगेश कोहली फरवरी माह में मेरठ में आयोजित एमटी 700 वल्ड टेनिस मास्टर्स टूर इंटरनेशनल प्रतियोगिता के विजेता भी रहे थे। कोहली ने कहा कि जिस प्रकार से उन्हें विजय हासिल हो रही है उससे उनकी अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में लगातार सुधार हो रहा है। गत माह 700 एमटी वर्ल्ड टेनिस मास्टर्स इंटरनेशनल टूर्नामेंट जीतकर वे भारत में नंबर 1 रैंक के खिलाड़ी बन चुके हैं और उनकी वर्ल्ड रैंकिंग 37 है। उनका लक्ष्य टेनिस विश्व चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने का है जिसके लिए वे कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

## मांगों को लेकर खेदड़ थर्मल प्लांट कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

- जानबूझकर कर्मचारियों की जायज मांगों की अनदेखी कर रहे एचपीजीसीएल एमडी : सोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की केंद्रीय परिषद के निर्देशानुसार थर्मल खेदड़ यूनिट द्वारा एमडी एचपीजीसीएल पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए बुधवार को लगातार दूसरे दिन एचपीजीसीएल प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट प्रधान राजबीर सोनी ने की और संचालन सचिव सुरेश सैनी ने की।

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनिट प्रधान राजबीर सोनी ने बताया कि एमडी एचपीजीसीएल जानबूझकर कर्मचारियों की जायज मांगों की अनदेखी कर रहे हैं, जिसे यूनियन कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। सर्कल सचिव दलजीत पंघाल ने बताया कि एमडी एचपीजीसीएल ने कर्मचारियों की मांगों को लेकर बैठक करने का आश्वासन दिया था, लेकिन बैठक नहीं करके वादाखिलाफी कर रहे हैं। यूनियन की केंद्रीय परिषद ने एमडी के नकारात्मक रवैये को लेकर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि जब तक कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

प्रदर्शन में वरिष्ठ उपप्रधान शिव कुमार, कृष्ण कुमार, सहसचिव दीपक, वित्त सचिव रवि प्रकाश, संगठनकर्ता उज्जवल शर्मा, अरुण, दीपक जिंदल, सुरेश यादव, राजेंद्र बेरवाल, संदीप कालीरामण, मनु, राजेश यादव सहित सैकड़ों कर्मचारियों ने भागीदारी की।



बरवाला। प्रदर्शन करते खेदड़ थर्मल प्लांट कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### हादसे में घायल ने तोड़ा दम

**हिसार।** करीब एक महीने पहले सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए गांव बहबलपुर निवासी एक व्यक्ति ने बुधवार सुबह उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान करीब 45 वर्षीय पवन के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सामान्य अस्पताल की मोर्चरी में करवाकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों के अनुसार 20 फरवरी की रात पवन अपने छोटे भाई जिले सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर बरवाला से गांव लौट रहा था। सरसौद के पास अचानक बाइक के सामने एक पशु आ गया। पशु को बचाने के प्रयास में बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दोनों भाई सड़क पर गिर पड़े। हादसे में पवन को गंभीर चोटें आईं, जबकि उसके भाई को मामूली चोट लगी। घायल पवन को तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां से उसका इलाज लगातार चल रहा था। करीब एक माह तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद बुधवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। मृतक पवन मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके पीछे चार बेटियां हैं। पिता की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और गांव में शोक की लहर है।




हिसार। डॉ. गीता जांगड़ा को सम्मानित करते पदाधिकारी व अतिथि।

### जांगड़ा दम्पति को मिला 'राष्ट्रीय कलाश्री सम्मान'

**हिसार।** वाराही आर्ट फाउंडेशन हरियाणा की ओर से तीन दिवसीय राष्ट्रीय चित्रकला कार्यशाला का आयोजन हरिद्वार में किया गया। इस चित्रकला कार्यशाला में भारत के भिन्न-भिन्न राज्यों के सुप्रसिद्ध 40 कलाकारों को आमंत्रित किया गया। सभी कलाकारों ने बड़ी ही तन्मयता से अपने-अपने मनोभावों को कैनवास पर चित्रित किया। कार्यशाला में हिसार के सुप्रसिद्ध चित्रकार दंपति डॉ. गीता जांगड़ा व डॉ. राजेश जांगड़ा को आमंत्रित किया गया। इन दोनों कलाकारों द्वारा बनाई गई प्रभावशाली कलाकृतियां को देखकर सभी अतिथियों में कलाकारों ने प्रशंसा की ओर वाराही आर्ट फाउंडेशन के आयोजकों ने दोनों कलाकारों को 'राष्ट्रीय कलाश्री सम्मान' प्रस्तुति पत्र, स्मृति चिन्ह व शाल आदि भेंट करके सम्मानित किया। जांगड़ा दंपति इससे पूर्व भी अनेक राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त कर चुके हैं सरकारी एवं गैर सरकारी विभागों व संस्थाओं द्वारा द्वारा इन्हें कला गुरु, कला साधक, कला गौरव, राजा रवि वर्मा श्रेष्ठ कलाकार पुरस्कार आदि प्रदान किया जा चुके हैं।

## जलभराव से मॉडल टाउन के हालात बदतर

- दो दिन बाद भी नहीं निकला बारिश का पानी, मुख्य गेट पर भरे पानी से राहगीर परेशान
- पार्षद बोले- नाला बंद होने से बढ़ी समस्या, नगर परिषद ने समाधान का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

शहर के सबसे पॉश इलाका माने जाने वाले मॉडल टाउन में मामूली सी बरसात के बाद भी हालात बिगड़ गए हैं। कॉलोनी के मुख्य प्रवेश द्वार पर दो दिन बीतने के बाद भी बरसाती पानी नहीं निकला, जिससे माडल टाउन निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मुख्य गेट पर जलभराव के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों, दफ्तर आने-जाने वाले लोगों और राहगीरों को रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पानी निकासी का कोई समुचित प्रबंध नहीं है, जिससे मामूली सी बारिश भी बड़ी समस्या बन जाती है।

वार्ड 18 के पार्षद प्रतिनिधि सीमांत चौधरी ने बताया कि बरसाती पानी की निकासी के लिए बना नाला ठेकेदार द्वारा मिट्टी डालकर बंद कर दिया गया है, जिसके चलते पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों द्वारा शिकायतों के समाधान के लिए बनाया गया व्हाट्सएप ग्रुप महज औपचारिकता बनकर रह गया है। ग्रुप में पुराने अधिकारियों के नंबर होने के कारण समस्याओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

नगर परिषद के अधिकारियों का कहना है कि समस्या उनके संज्ञान में है और जल्द ही पानी निकासी की व्यवस्था दुरुस्त कर दी जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की है, ताकि उन्हें जलभराव की समस्या से राहत मिल सके।




हांसी। मॉडल टाउन के गेट पर जमा बरसाती पानी के बीच से गुजरती स्कूल वैन। फोटो : हरिभूमि

### विश्वास स्कूल में हुईं रचनात्मक गतिविधियां

**हिसार।** अर्बन एस्टेट स्थित विश्वास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए (हॉबी क्लासेज) रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिनमें आर्ट एंड क्राफ्ट, कैलीग्राफी, स्पोर्ट्स एक्टिविटीज, कांगो, डांस, पपेट शो, एनालॉग फोटोग्राफी और शैडो शो शामिल थे। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और नए कौशल का विकास करना था, साथ ही उनमें साझा करने और देखभाल की भावना को भी बढ़ावा दिया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## हांसी राजधानी बनाओ संघर्ष समिति का गठन

# हांसी को अब राजधानी बनाने की ठानी: महंत सागर नाथ

**महंत सागर नाथ बने समिति के प्रधान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

जिला बनाओ संघर्ष समिति की मुहिम कामयाब होने के बाद अब महंत सागरनाथ ने हांसी को राजधानी बनाने की ठान ली है। अब नई समिति हांसी राजधानी बनाओं संघर्ष समिति का गठन किया है।

हांसी राजधानी बनाओं संघर्ष समिति के संस्थापक व अध्यक्ष महंत सागरनाथ ने बताया कि आज उनकी नवनिर्मित समिति ने हांसी को राजधानी बनाने की मुहिम शुरू कर दी है। इस दौरान नई कार्यकारिणी का गठन कर हांसी राजधानी बनाओ संघर्ष समिति का औपचारिक रूप से गठन किया गया। बैठक में ओमप्रकाश मुंजाल को वरिष्ठ उपप्रधान जबकि सूबेदार जोगीराम फौजी व राजदेव फौजी को उपप्रधान, फौजी उमेद सिंह सोनी को सचिव व अनिल कुमार फौजी को सह-सचिव , सूबेदार महिपाल फौजी को कोषाध्यक्ष, जबकि लीलू राम फौजी व कपूर सिंह फौजी को सदस्य बनाया गया। महंत सागरनाथ ने कहा कि हांसी पहले भी राजधानी रह चुकी है सन 1719 से 1802 तक अंग्रेजी शासक जॉर्ज थॉमस ने हांसी को अपनी राजधानी बनाया। इसके बाद सन 1819 से 1832 तक ब्रिटिश साम्राज्य के दौरान हांसी जिला को मुख्यालय बनाया गया था। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में हांसी के कई क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ शहादत दी और अंग्रेजों की कब्र में कील ठोक दी थी। यही कारण था कि ब्रिटिश सरकार ने हांसी का गौरव छीन लिया और उसका हिसार जिले में विलय कर दिया। भाजपा सरकार ने समिति के लम्बे आंदोलन पर मुहर लगाते हुए हांसी को जिले का दर्जा तो दे ही दिया, लेकिन अब बारी है उसके असली अस्तित्व और असली पहचान को बहाल करने की। यही कारण है कि आज हमारी समिति ने हांसी को राजधानी बनाने की नई मुहिम शुरू कर दी है।



हांसी। हांसी राजधानी बनाओ संघर्ष समिति के मनोनीत पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### शादियों के लिए कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध, टीमों की छापेमारी जारी

**हांसी।** जिले में एलपीजी गैस की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है और सभी उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और पैनिक बुकिंग करने से परहेज करें, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। जिलाधीश राहुल नरवाल ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पूरी तरह से सुचारू है। साथ ही, शादी-विवाह जैसे विशेष कार्यक्रमों के लिए कमर्शियल गैस सिलेंडर भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, जिससे किसी को भी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि गैस की कालाबाजारी और अनियमितता पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन द्वारा गठित छापेमारी टीमें लगातार विभिन्न गैस एजेंसियों एवं संदिग्ध स्थानों पर निरीक्षण कर रही हैं। यदि कोई भी व्यक्ति गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी या दुरुपयोग करता हुआ पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डीसी ने गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित नियमों के तहत ही गैस वितरण सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की सुविधा और पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है।